पाठ 14. भेड़ाघाट

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में प्रभावी संप्रेषण संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे शाब्दिक और गैर-शाब्दिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने में समर्थ हो सकें। नदी और नदी किनारे की खूबसूरती जीवन में रंग भरने का भरपूर काम करती है। नदी का पानी राह में आने वाली चट्टानों से प्यार पाता है। नर्मदा नदी की दूधधारा के पानी के स्वर में जीवन को संगीत देने की योग्यता भी है और यह सहज स्वभाव भी है।

पाठ का सार

बात सन् 1914 की है जब लेखक ने जबलपुर से 13 किलोमीटर दूर स्थित भेड़ाघाट की यात्रा की थी। यहाँ लेखक ने संगमरमर की चट्टानों के बीच से बहती नर्मदा नदी का सुंदरतम रूप देखा। लेखक ने तपिश और चाँदनी के कड़वे-मीठे अनुभवों से गुजरती चट्टानों, नदी के प्रति लोगों की पवित्र भावना और धार्मिक विश्वासों के बीचोबीच दूधधारा के सुंदर रूप का वर्णन किया है। नदी के बहने में बसा मधुर संगीत और धारा के बहुत पास लेकिन ऊँचाई पर बना सुंदर शिव मंदिर, यह सब देखते ही बनता है।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  इस पाठ को पढ़ाने से पहले मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति की जानकारी दें। इसके लिए भारतवर्ष के मानचित्र का सहारा लिया जा सकता है। इसके बाद 'यात्रा-संस्मरण' के बारे में बताएँ और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे जब कभी विद्यालय की ओर से या अपने माता-पिता के संग किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा करें तो उस यात्रा से जुड़ी घटनाओं को सिलसिलेवार ढंग से कलमबद्ध करें। पाठ का सार प्रस्तुत करें। बच्चों को भारत की प्रमुख नदियों के नाम बताएँ।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 65** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - लिंग व वचन की परिभाषा से बच्चे परिचित हैं। जिन शब्दों के लिंग व वचन पूछे गए हैं, उनकी पहचान वाक्य प्रयोग द्वारा करवाएँ।
  - संज्ञा के भेदों की परिभाषा बतलाएँ ताकि बच्चे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के संज्ञा-भेद की पहचान आसानी से कर सकें। वाक्य बनवाते समय ध्यान रखें कि बच्चे छोटे-छोटे वाक्य बनाएँ और उनमें लिंग, वचन व शब्द के स्तर पर गलतियाँ न हों।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - इंटरनेट की सहायता से जल-प्रपात का सचित्र वर्णन करवाया जा सकता है।
  - मध्य प्रदेश के बारे में जानकारी जुटाने में बच्चों की सहायता करें।
  - बच्चों को नदियों से संबंधित भारत का मानचित्र उपलब्ध करवाएँ।